कुल छपे प्रश्नों की संख्या 23
कुल छपे पृष्ठों की संख्या 4

M-6- (IX) सामाजिक विज्ञान –23500

नामांक

# वार्षिक परीक्षा सत्र - 2022-23

## विषय : सामाजिक विज्ञान

## कक्षा - IX ( नवमीं )

**समय : 3¼ घण्टे** **पूर्णांक : 100**

**निर्देश :**

**( 1 ) सभी प्रश्न हल करना अनिवार्य हैं। प्रत्येक प्रश्न के अंक प्रश्न के सामने अंकित हैं।**

**( 2 ) विद्यार्थी अपने नामांक प्रश्न पत्र पर अनिवार्यत: लिखें।**

**( 3 ) प्रत्येक प्रश्न का उत्तर दी गई उत्तर-पुस्तिका में ही लिखें।**

### खण्ड—अ

**बहुविकल्पी प्रश्न—**

1. निम्न प्रश्नों के उत्तर का सही विकल्प चयन कर उत्तरपुस्तिका में लिखिए—

(i) डयूमा किस देश की संसद का नाम था— 1

(अ) रूस (ब) फ्रांस

(स) अमेरिका (द) ब्रिटेन

(ii) नात्सीवाद का उदय हुआ— 1

(अ) इंग्लैण्ड में (ब) जर्मनी में

(स) भारत में (द) फ्रांस में

(iii) भारतीय संविधान कब लागू हुआ— 1

(अ) 26 जनवरी 1930 (ब) 26 जनवरी 1950

(स) 26 जनवरी 1949 (द) 15 अगस्त 1947

(iv) निर्धनों में भी निर्धन लोगों के पास जो कार्ड होता है, वह है— 1

(अ) B.P.L. कार्ड (ब) A.P.L. कार्ड

(स) अन्त्योदय कार्ड (द) कोई नहीं

(v) निम्न में से किस राज्य में सर्वाधिक महिला साक्षरता पाई जाती है— 1

(अ) उत्तर प्रदेश (ब) पंजाब

(स) केरल (द) राजस्थान

कृ.पृ.उ.

www.mseducationtv.com

Scanned with OKEN Scanner

(vi) निम्न में से कौनसी लवणीय जलवायी झील है— 1

(अ) सांभर (ब) कूलर

(स) ड़ल (द) गोविन्द सागर

(vii) भारतीय संविधान में कितने मूल अधिकार हैं— 1

(अ) छ: (ब) पांच

(स) सात (द) चार

(viii) थार मरूस्थल भारत के किस राज्य में स्थित है— 1

(अ) राजस्थान (ब) गुजरात

(स) पंजाब (द) केरल

(ix) 'जनता का शासन' किस प्रकार की शासन व्यवस्था में होता है— 1

(अ) लोकतन्त्र (ब) राजतंत्र

(स) तानाशाही (द) उपर्युक्त सभी

(x) भारत में पायी जाने वाली जलवायु है— 1

(अ) मानसूनी (ब) चीन तुल्य

(स) भूमध्यरेखीय (द) भूमध्यसागरीय

(xi) रेशम के कीड़े किस पेड़ के पत्तों पर पाले जाते हैं— 1

(अ) सेब (ब) आम

(स) शहतूत (द) पपीता

(xii) देश में प्रधानमंत्री रोजगार योजना कब प्रारंभ की गई ? 1

(अ) सन् 1995 में (ब) सन् 1999 में

(स) सन् 2000 में (द) सन् 1993 में

2. रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिए—

(i) पालमपुर में ............... उत्पादन की प्रमुख क्रिया है। 1

(ii) भारत में सबसे अधिक लिंगानुपात वाला राज्य ................ है। 1

(iii) वर्तमान में जावा ................ उत्पादक द्वीप के लिए प्रसिद्ध है। 1

(iv) भारत में लोकसभा और विधान सभाओं के चुनाव प्रत्येक ............ साल बाद होते हैं। 1

(v) भारत में कुल जनसंख्या का ............. प्रतिशत भाग केवल कृषि कार्य करता है। 1

(vi) भारत की संविधान सभा के अध्यक्ष ................ थे। 1



www.mseducationtv.com

Scanned with OKEN Scanner

3. अतिलघूत्तरात्मक प्रश्न—( प्रश्नों के उत्तर एक शब्द या एक पंक्ति में दीजिए ) :

(i) टूटी हुई जंजीर किसका प्रतीक था। 1

(ii) द्वितीय विश्व युद्ध में मुख्य मित्र राष्ट्र कौन थे। 1

(iii) 'दोआब' से आप क्या समझते हैं ?

(iv) किन्हीं दो प्रसिद्ध 'दून' के नाम लिखिए। 1

(v) 'मावट' किसे कहते हैं ? 1

(vi) संसार के चार लोकतांत्रिक देशों के नाम बताइये। 1

(vii) घुमंतू किसे कहते हैं ? 1

(viii) वर्तमान में कर्त्तव्यों की संख्या कितनी है। 1

(ix) भारत व श्रीलंका के मध्य कौनसी जल सन्धि है। 1

(x) क्षेत्रफल की दृष्टि से देश का सबसे बड़ा राज्य बताइये। 1

(xi) किस नदी को 'दक्षिण की गंगा' के नाम से जाना जाता है। 1

(xii) प्राथमिक क्षेत्रक में किन-किन क्रियाओं को शामिल किया जाता है। 1

## खण्ड—ब

लघूत्तरात्मक प्रश्न—( उत्तर शब्द सीमा 50 शब्द )—

4. उन जनवादी चार अधिकारों को बतायें जो आज हमें मिले हुए हैं और जिनका उद्गम फ्रांसीसी क्रांति में है। 3

5. औपनिवेशिक काल में वन-विनाश के मुख्य कारण बताइये। 3

6. बेरोजगारी से आप क्या समझते हैं, मौसमी बेरोजगारी किसे कहते हैं ? 3

7. लोकतन्त्र के पक्ष में कोई तीन तर्क दीजिए। 3

8. औद्योगिकरण द्वारा हुए सामाजिक व आर्थिक परिर्वतनों का वर्णन कीजिए। 3

9. हिमालय तथा प्रायद्वीपीय नदियों के मुख्य अन्तर स्पष्ट कीजिए। 3

10. जनहित याचिका क्या है ? 3

11. जनसंख्या वृद्धि को रोकने के तीन उपाय बतायें। 3

12. भारत की जलवायु को प्रभावित करने वाले मुख्य तीन कारकों को बताइये। 3

13. भारत जैसे लोकतान्त्रिक देश में चुनाव क्यों जरूरी है। 3

14. खूनी रविवार से आप क्या समझते हैं ? 3

15. जर्मनी में हिटलर के सत्ता में आने के प्रमुख कारण क्या थे ? 3



www.mseducationtv.com

Scanned with OKEN Scanner

16. हरित क्रांति किसे कहते हैं ? 3

## खण्ड—स

**दीर्घ उत्तरीय प्रश्न—( उत्तर शब्द सीमा 100 शब्द )**

17. भारत में निर्धनता के प्रमुख कारणों को स्पष्ट करते हुए उन्हें दूर करने के उपाय बतायें। 4

18. भारत के प्रमुख भौतिक स्वरूपों का वर्णन करें। 4

19. मनुष्यों के लिए वनों की आवश्यकता के कारण बताइये। 4

20. भारतीय संविधान की प्रस्तावना में किन चार आदर्शों पर बल दिया गया है। 4

**अथवा**

भारत में पाई जाने वाली वनस्पति (वनों) के प्रमुख प्रकारों का संक्षिप्त वर्णन कीजिए।

## खण्ड—द

**निबन्धात्मक प्रश्न—( उत्तर शब्द सीमा 250 शब्द )**

21. भारत के विभिन्न भागों में पाए जाने वाले खाना बदोश चरवाहों के बारे में संक्षेप में लिखें। 5

**अथवा**

भारत में सार्वजनिक वितरण प्रणाली पर विस्तृत वर्णन करें।

22. मौलिक अधिकार किसे कहते हैं। भारतीय संविधान द्वारा आपको प्राप्त अधिकारों का वर्णन करें। 5

**अथवा**

भारत में संसद के कितने सदन हैं, नाम लिखें। प्रधानमंत्री की शक्तियों का वर्णन करें।

23. भारत के रेखा मानचित्र में निम्न को अंकित कीजिए— 5

(अ) बंगाल की खाड़ी
(ब) लक्ष्यद्वीप
(स) केरल
(द) मुम्बई / मुंबई
(य) दिल्ली

**अथवा**

(अ) थार का मरूस्थल
(ब) गिर (नेशनल पार्क)
(स) पश्चिमी घाट
(द) अरावली श्रेणी
(य) अण्डमान निकोबार द्वीप समूह

❑❑❑



www.mseducationtv.com

Scanned with OKEN Scanner